नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

टवेरा-ट्रैक्टर से भिड़ी, 5 की मौत

01 ने मौके पर जबकि 4 ने रास्ते में तोड़ा दम

07 घायलों का ईलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा

नर्मदापुरम, 27 अप्रैल. शहर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे भीषण सड़क हादसा सामने आया. बारात से लौट रही टवेरा और ट्रैक्टर-ट्राली के बीच सीधी भिंडत हो गई. जिसमें टवेरा में सवार चाचा-भतीजा समेत 5 की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हैं. घायलों का ईलाज नर्मदापुरम के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है.

टक्कर इतनी जोरदार थीं कि टवेरा चालक माखननगर निवासी संतोष प्रजापति ने मौके पर दम तोड़ दिया. जबकि 4 अन्य की अस्पताल पहुंचते समय मौत हो गई. चारों मृतक महेन्द्रबाड़ी गांव के निवासी थे. जिसमें हरिशंकर यादव 57 वर्ष और साहिल यादव 19 वर्ष आपस में चाचा भतीजा थे. दो अन्य मृतक में विनीत यादव और शुभम यादव शामिल है.सभी गांव की एक बरात के साथ बुदनी गए थे. इस हादसे में 7 घायल इस प्रकार है. अमन यादव, (20), विनोद उइके (22),भारत यादव (23),आकाश इवने (25),देवांश इवने (15),सुमित (20), निवासी ग्राम महेंद्रवाड़ी, थाना माखन नगर, राजेश धुर्वे, (35), निवासी ग्राम ताकू, थाना केसला है सभी का ईलाज जारी है. घटना के सम्बन्ध में माखननगर टीआई अनूप उइके ने बताया घटना रात लगभग 1:30 बजे के आसपास की है महेंद्रवाड़ी की बारात टवेरा गाड़ी से बुधनी से लौट कर आ रही थी तभी पिपरिया की तरफ से अनाज से भरी ट्रैक्टर ट्राली आंचल खेड़ा और तवा के बीच में आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और सात गंभीर रूप से घायल है.

कलेक्टर एसपी पहुंचे अस्पताल

सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतको के परिजनों व घायलों का हाल जानने कलेक्टर सोमेश मिश्रा और एसपी साईं कृष्णा एस थोटा अस्पताल पहुंचे और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा की टवेरा और ट्रैक्टर ट्रॉली की आपस में टक्कर हो गई थी जिसमें पांच लोग की मौत हो गई है और अन्य घायल है घायलों का इलाज ठीक तरह से चल रहा है, सभी का ईलाज प्रशासन करवा रहा है जो मृत है उनका पोस्टमार्टम हो गया है. प्रशासन ने मृतको के परिवार से मुलाकात की है जो भी आर्थिक सहायता होगी वह दी जाएगी. जो भी वाहन चालक है उनसे मेरी अपील है कि वह रोड सेफ्टी के नियमों का पालन करें.

तेज रफ़्तार बनी हादसे का कारण

बुदनी से बारात लौट रही थीं तभी हादसा तवा पुल आँचलखेड़ा के बीच हुआ. हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त वाहनों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि टवेरा कि रफ़्तार कितनी तेज थीं. आधी रात को हादसा होने के कारण सड़क पर वाहनों का आवागमन कम था, पुलिस और आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचवाया.

पेड़ से टकराई कार तीन लोगों की मौत

03 हुए घायल, हालत गंभीर

- हज यात्रियों को छोड़ लौट रहा परिवार हादसे का शिकार
- तड़के हुआ भीषण सड़क हादसा

छिंदवाड़ा, 27 अप्रैल. जिले के उमरानाला क्षेत्र में सोमवार तड़के भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. परिवार नागपुर एयरपोर्ट पर हज यात्रियों को छोड़कर लौट रहा था, तभी तंसरा के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार के सामने अचानक कोई वन्यप्राणी आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में वाहन सीधे सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ा. हादसा इतना तेज था कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर

अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया. इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने नागपुर ले जाते समय दम तोड़ दिया. मृतकों में दो महिलाएं और एक युवक शामिल हैं, जिनमें एक महिला गर्भवती थी. पुलिस के अनुसार, हादसे की एक वजह चालक को नींद का झोंका आना भी हो सकता है. मामले की जांच जारी है.

डिप्टी सीएम ने थल सेना अध्यक्ष का किया स्वागत

भोपाल. भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी वायुसेना के विशेष विमान से रीवा एयरपोर्ट पहुंचे. एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने थल सेना अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया.

शिक्षकों से मिलती है प्रेरणा

रीवा, 27 अप्रैल, सैनिक स्कूल रीवा में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पी वी एस एम, ए वी एस एम का आगमन अपरान्ह 12 बजे हुआ.

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सैनवा मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के परेड ग्राउंड पर कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया. मुख्य अतिथि ने कमांडर जे एस खोत, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ एन के झा, पीजीटी, मैथ्स, प्रभाकर चक्रवर्ती, पी जी टी, फिजिक्स, हवलदार उमा शंकर व विद्यालय के पुरा छात्र डॉ सौरभ पटेल को उनके उत्कृष्ट कार्य व कर्तव्य परायणता के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में अपने समय के शिक्षकों को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक बताया तथा कहा कि आज भी उनके शिक्षको के शब्द उन्हें प्रेरित करते है.

बस से कुचलकर महिला की मौत, चालक फरार

मुरैना. जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में आज सोमवार सुबह एक निजी यात्री बस की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार मुरैना-जौरा मार्ग स्थित वैरियर के पास महिला सड़क पार कर रही थी, तभी जौरा से मुरैना आ रही तेज रफ्तार बस ने लापरवाहीपूर्वक उसे टक्कर मार दी. टक्कर के बाद महिला बस के टायर में फंस गई और करीब 30 से 40 फुट तक घसीटती चली गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बस चालक को रोकने के लिए आवाजें लगाईं, लेकिन उसने बस नहीं रोकी. बाद में चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. मृतका की पहचान बरीपुरा निवासी कमला बघेल (40) के रूप में हुई है.

क्रिप्टो ठगी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर, 27 अप्रैल. मध्यप्रदेश के ग्वालियर में साइबर क्राइम विंग ने क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 1 करोड़ 41 लाख रुपए की ठगी के मामले का पर्दाफाश करते हुए गाजियाबाद निवासी दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार जून 2025 में एक फैक्ट्री मालिक को क्रिप्टो ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा देकर उक्त राशि की ठगी की गई थी. इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में लगातार जांच की जा रही थी, जिसमें पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) सुमन गुर्जर के मार्गदर्शन में बैंक खातों की जांच के दौरान सामने आया कि ठगी की राशि में से 10 लाख 50 हजार रुपए 'महादेव फार्मा एंड सर्जिकल्स' के एक्सिस बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे. तकनीकी विश्लेषण से खाते के संचालकों का पता गाजियाबाद का मिला.

सायबर क्राइम प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर आदित्य शर्मा और प्रियांशु शर्मा को ग्वालियर से गिरफ्तार कर लिया, जब वे अग्रिम जमानत के लिए यहां आए हुए थे.

एसीपी के पति रात में गायब राजस्थान से ट्रेस कर लाए

इंदौर, 26 अप्रैल. शहर में पदस्थ एक एसीपी के पति रविवार सोमवार की दरमियानी रात अचानक लापता हो गए थे. घर में विवाद के बाद वे सरकारी जीप लेकर निकल गए थे. अनहोनी की आशंका पर शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने तेजी से सर्चिंग शुरू की और मोबाइल ट्रैकिंग के जरिए उन्हें राजस्थान से ट्रेस कर लिया.

घटना पीटीसी क्षेत्र की बताई जा रही है.

देर रात पति पत्नी के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद एसीपी के पति घर से निकल गए. जाते समय उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई थी, जिसके बाद एसीपी ने आजाद नगर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. शिकायत मिलते ही आजाद नगर पुलिस ने बिना देरी किए अलग अलग टीमें बनाकर तलाश शुरू कर दी.

बाणगंगा थाने की पुलिस को भी सर्चिंग में लगाया. मोबाइल चालू होने के कारण पुलिस को लगातार लोकेशन मिलती रही, हालांकि वे बार बार अपनी लोकेशन बदलते रहे. सूत्रों के मुताबिक पहले उनकी लोकेशन राजस्थान के डग बड़ौद क्षेत्र में मिली, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची. लगातार ट्रैकिंग के बाद आखिरकार निम्बाहेड़ा क्षेत्र में उन्हें ढूंढ लिया.

चोरी के 23 लाख बरामद पुलिस टीम पर फूल बरसाए

खरगोन. मध्यप्रदेश के खरगोन शहर में अनाज व्यापारी के मुनीम से दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए 23 लाख 30 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं. इस उपलब्धि पर व्यापारी संघ और स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया. पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल को साक्षी सेल्स फर्म के मुनीम ताहिर बैंक से 27 लाख रुपए निकालकर लौटे थे. इनमें से 2 लाख 70 हजार रुपए भुगतान करने के बाद शेष राशि कार में रखी थी. दाता हनुमान मंदिर गली में चाय पीने के दौरान कार अनलॉक रहने का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश 23 लाख 30 हजार रुपए से भरा बैग चोरी कर फरार हो गए थे.

17 कॉलोनाइजर पर एफआईआर

बिना अनुमति के बना रहे अवैध कॉलोनी

ग्वालियर, 27 अप्रैल. अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने सख्त रूख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया है. बिजौली इलाके सहित आसपास के गांवों में कार्यवाही करते हुए 17 अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर दर्ज की गयी है. धनेली, करगंवा, रतवाई, सुनारपुरा, बेरजा, बरैठा हसनपुरा और महाराजपुरा इलाके इस कार्यवाही के दायरे में रहे.

पुलिस ने बिल्डर और कॉलोनाईजरों के खिलाु मध्यप्रदेश ग्राम पंचायतराज एवं स्वराज अधिनियम 1993 के तहत

प्रकरण्सा दर्ज कराये गये है. अधिकारियों के मुताबिक पिछले 10 दिनों में अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही हो चुकी है. आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है.

हाइवे से जुड़े गांवों में जमीन की कीमत बढ़ने के बाद प्रॉपर्टी व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर जमीन खरीदकर अवैध कॉलोनियां विकसित कर दी है. इन परियोजनाओं के लिये नजूल विभाग में एनओसी, टीएंडसीपी और नगर निगम की अनुमति नहीं ली गयी है. जल्दबाजी में प्लॉट ओर डुप्लेक्स बेचकर खरीदारों को गुमराह किया गया और हाल ही में शहर में 100 से ज्यादा कॉलोनियों को अवैध घोषित किया जा चुका है. बिजौली थाना क्षेत्र में करगंवा, धनेली, सुनारपुरा, रतवाई और बेरजा गांवों में अलग-अलग कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है. वहीं महाराजपुरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़, खेरिया केसर और बरैठा इलाके में भी अवैध कॉलोनी काटने पर कार्रवाई की गई. कई मामलों में पटवारियों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.